# जालौन पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

## सराहनीय कार्य

## आपरेशन मुस्कान के तहत थाना नदीगांव पुलिस ने गुमशुदा युवक को परिजनों से मिलाया।



दिनांक 14.05.2025 को थाना नदीगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में गस्त की जा रही थी इस दौरान ग्राम अर्जुनपुरा में एक व्यक्ति इधर-उधर भटकते हुये मिले जिनकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं थी एवं हल्की-फुल्की चोटें थी। जिनका नदीगांव पुलिस द्वारा सीएचसी नदीगांव में उपचार कराया गया। पुलिस द्वारा काफी प्रयास के बाद व्यक्ति द्वारा अपने परिजनों के बारें कुछ जानकारी दी एवं बताया कि वह जनपद हजारीबाग झारखंड का निवासी है, जिस पर थाना पुलिस द्वारा परिजनों का पता लगाकर सूचित किया गया। व्यक्ति की मां द्वारा बताया गया कि मेरा पुत्र करीब 02 वर्ष से लापता है। व्यक्ति के परिजन थाना नदीगांव में उपस्थित आये। थाना नदीगांव पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये युवक को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया। युवक को सकुशल पाकर परिजनो द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी।